विश्व आर्थिक मंच के सम्मेलन में 2.92 लाख करोड़ रुपये निवेश के करार

दावोस से वापस लौटे प्रतिनिधिमंडल ने दी एमओयू की जानकारी

राज्य ब्यूरो, जागरण● लखनऊ: स्विट्जरलैंड के दावोस में आयोजित विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) में आए विभिन्न देशों के निवेशकों ने यूपी में 2,92,755 करोड़ रुपये के निवेश को लेकर समझौता किए हैं। फोरम में राज्य में निवेश के लिए 31 समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। सबसे बड़ा निवेश नीदरलैंड की कंपनी एएम ग्रीन ने एआइ आधारित डाटा सेंटर की स्थापना के लिए किया है। कंपनी नोएडा में 2,07,500 करोड़ रुपये का निवेश करेगी।

मंगलवार को लोकभवन में पत्रकारवार्ता में वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि प्रदेश में बेहतर इन्फ्रास्ट्रक्चर व कानून व्यवस्था के कारण लगातार निवेश बढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि दावोस में प्रदेश के प्रतिनिधिमंडल ने वैश्विक निवेशकों के साथ 119 बैठकें की। निवेश के प्रमुख समझौतों में एसए टेक्नोलाजी के साथ 200 करोड़ रुपये तथा नीदरलैंड की कंपनी एएम ग्रीन ग्रुप के साथ ग्रेटर नोएडा में एक गीगावाट क्षमता का एआइ केंद्रित डाटा सेंटर स्थापित करने के लिए वर्ष 2028 तक 2.07 लाख करोड़ रुपये का निवेश प्रस्तावित है। आरईसी लिमिटेड ने 500 मेगावाट की कृषि अपशिष्ट से ऊर्जा परियोजना के लिए 8000 करोड़ रुपये का निवेश प्रस्ताव दिया। उन्होंने बताया कि राज्य ने धातु, औद्योगिकी स्वचालन और कंज्यूमर गुड्स के क्षेत्रों में विनिर्माण के क्षेत्र में बड़े पैमाने पर निवेश आकर्षित किए हैं। रश्मि मेटालर्जिकल ने एमटीपीए एकीकृत इस्पात संयंत्र के लिए 4000 करोड़ रुपये के प्रस्तावित निवेश के प्रति प्रतिबद्धता जताई। गुंडफोस ने यूपी में प्रतिवर्ष 50 से 60 हजार पंपों के सोलराइजेशन की संभावनाएं चिह्नित करने के साथ ही लखनऊ, नोएडा व वाराणसी में पायलट परियोजनाओं का प्रस्ताव रखा। एडको (एडीईसीसीओ) ने राज्य में प्रगतिशील सेवा क्षेत्र व रोजगार ईकोसिस्टम को ध्यान में रखते हुए लखनऊ में केंद्र स्थापित करने में रुचि दिखाई है।

सुरेश खन्ना (फाइल)

2.07 लाख करोड़ का सबसे बड़ा निवेश नीदरलैंड की कंपनी करेगी

लक्ष्य से कई गुणा अधिक निवेश के लिए एमओयू

इन्वेस्ट यूपी ने इस दौरे में 45 हजार करोड़ रुपये के निवेश का लक्ष्य निर्धारित किया था, लेकिन विभिन्न देशों की डेस्क के माध्यम से निवेशकों के साथ किए जा रहे संपर्क के चलते लक्ष्य से कई गुणा ज्यादा निवेश को लेकर एमओयू किए जा सके हैं।

उत्तर प्रदेश में निवेश के 10 बड़े प्रस्ताव

कंपनी	निवेश का क्षेत्र	रुपये (करोड़ में)
एएम ग्रीन	एक गीगावाट डाटा सेंटर	2,07,500
एस्सार ग्रुप	लाजिस्टिक पार्क	20,000
इनाक्सजेल ग्रुप	सोलर पावर प्रोजेक्ट	10,500
एसएइएल इंडस्ट्रीज	वेस्ट टू एनर्जी प्रोजेक्ट	8000
आरईसी लिमिटेड	एग्रीकल्चर वेस्ट टू इनर्जी	8000
एस्सार ग्रुप	पावर प्रोजेक्ट	5000
रश्मि मेटलर्जिकल लि.	स्टील प्लांट	4000
सीईएससी ग्रीन पावर लि.	ग्रीन मैन्युफैक्चरिंग पार्क	3805
डीपीआइएफएस साल्यूशन	इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट	3800
सनलाइन ग्लोबल कैपिटल	एयर टैक्सी व मोबिलिटी	3000